# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 19.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- केन्द्र सरकार ने कहा – देश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सामान्य, पीएनजी अपनाने के लिए उपभोक्ताओं को किया प्रोत्साहित, राज्य सरकारों से कालाबाजारी रोकने की अपील की।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर की उच्च स्तरीय बैठक, विधि व्यवस्था में खलल डालने वालों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश।
- रांची की मेयर रोशनी खलखो समेत 53 पार्षदों ने शपथ लेने के बाद संभाला कार्यभार, वार्ड 31 के पार्षद नीरज कुमार बने डिप्टी मेयर।
- रांची समेत कई जिलों में बारिश से गिरा तापमान, मौसम विभाग ने दो दिनों के लिए आंधी, वज्रपात और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट किया जारी।
- रांची में आयोजित 17वीं झारखंड राज्य स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन, मुख्यमंत्री ने विजयी प्रतिभागियों को किया सम्मानित।

*****************

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू पीएनजी और परिवहन के लिए सीएनजी की शत–प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। पश्चिम एशिया में आर्थिक घटनाक्रमों पर आज नई दिल्ली में अंतर मंत्रालय संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि दो सप्ताह के भीतर लगभग एक लाख 25 हजार घरेलू और वाणिज्यिक कनेक्शन जारी किए गए हैं। जमाखोरी और कालाबाजारी पर लगाम लगाने के बारे में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सभी राज्यों से कहा है कि वह अपनी आपत्ति दर्ज कराएं और यह सुनिश्चित करें कि गैर–कानूनी गतिविधियों पर रोक लगे।

*****************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एमएसएमई देश के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभर रहे हैं। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय उद्यमी, स्टार्टअप और नवप्रवर्तक भारत की तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

*****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रांची स्थित आवासीय कार्यालय में ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने विधि एवं सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों की जानकारी ली और अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विधि व्यवस्था में खलल डालने वालों पर त्वरित और सख्त एक्शन लेने का निर्देश दिया साथ ही कहा कि सोशल मीडिया और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाए ।

*****************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में आयोजित सम्मान समारोह में अपनी जान जोखिम में डालकर एक व्यक्ति की जिंदगी बचाने वाले आरपीएफ जवान को सम्मानित किया। दरअसल

रांची रेलवे स्टेशन पर कुछ दिन पहले एक शख्स ने ट्रेन के सामने कूदकर जान देने की कोशिश की और करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गया था केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने आरपीएफ के साहसिक कदम की सराहना की

*****************

झारखण्ड राज्य हज समिति ने हज 2026 के लिए चयनित यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश जारी किए हैं। यह निर्देश हज कमेटी ऑफ इंडिया के सर्कुलर के आधार पर जारी किए गए हैं, ताकि यात्रियों की यात्रा सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित हो सके। जारी निर्देशों के अनुसार, सभी हज यात्रियों को अपना मूल पासपोर्ट सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा। यात्रियों को हज सुविधा ऐप या पोर्टल के माध्यम से अपनी फ्लाइट बुकिंग की पुष्टि करनी होगी और उसकी रसीद सुरक्षित रखनी होगी। हज यात्रा के लिए आवश्यक दस्तावेजों में मूल पासपोर्ट, स्वास्थ्य कार्ड, टीकाकरण प्रमाण पत्र, भुगतान रसीद और फ्लाइट कन्फर्मेशन शामिल हैं।

*****************

रांची नगर निगम उपमहापौर और बुंडू नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद के लिए आज चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। समाहरणालय सभागार में लोकतांत्रिक परंपराओं का अनुपालन करते हुए जनप्रतिनिधियों का निर्वाचन किया गया। रांची नगर निगम के उपमहापौर पद के लिए हुए चुनाव में नीरज कुमार ने 38 मत प्राप्त कर विजय हुए। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी परमजीत सिंह को 15 मत प्राप्त हुए। निर्वाचन के बाद रांची नगर निगम की महापौर रोशनी खलखो द्वारा समाहरणालय सभागार में नीरज कुमार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। वहीं, बुंडू नगर पंचायत में उपाध्यक्ष पद के लिए रवीन्द्र उरांव निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

*****************

चैत्र नवरात्रि का पावन उत्सव आज से शुरू हो गया है। नौ दिवसीय पर्व को लेकर राज्य समेत देशभर में उत्साह और उमंग है। नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है। रामगढ़ के रजरप्पा स्थित माँ छिन्नमस्तिके सिद्ध पीठ में नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र की आज शुरुआत हुई। मंदिर परिसर में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारे देखी गई जिसमें विभिन्न प्रदेश से आए भक्तों ने मंदिर की व्यवस्था की सराहना की ।

*****************

रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बारिश से झारखंड में मौसम का मिजाज बदल गया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने रांची ,रामगढ़ , दुमका समेत  राज्य के कई जिलों में तेज आंधी, वज्रपात और ओलावृष्टि को लेकर आज और कल के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं शनिवार के लिए येलो अलर्ट जारी है।

*****************

राजधानी रांची के जैप–1 ग्राउंड डोरंडा में आयोजित 17वीं झारखंड राज्य स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का आज समापन हो गया । इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विभिन्न स्पर्धाओं में विजेता सहित सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और स्वस्थ मन और स्वस्थ शरीर के महत्व पर बल दिया।

*****************

ग्रीस की राजधानी अथेन्स के सनेल स्टेडियम में आयोजित छठी एक्रोपोलिस अंतरराष्ट्रीय वुशु ओपन प्रतियोगिता में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 23 पदक अपने नाम

किए। झारखंड के शौर्य सिंह ने इस प्रतियोगिता में देश के लिए काँस्य पदक जीता। शौर्य सिंह के रांची लौटने पर एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे खिलाड़ी और पदाधिकारी मौजूद थे।

********समाप्त*********